# मानगो नगर निगम क्षेत्र के 13 पथ विक्रेता हुए 'पीएम स्वनिधि योजना' से लाभांवित

DMA

## झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक ने दी लोन को स्वीकृति

# 13 को मिला योजना का लाभ



वरीय संवाददाता, जमशेदपुर

मानगो नगर निगम क्षेत्र के 13 पथ
को पीएम
दिलाया गया.
क, भिलाई
से लाभुकों
किया गया.
कारी दीपक
धि योजना
हत पथ
ों को
का लाभ
के लिए
को

विभिन्न बैंकों में भेजा गया था. झारखंड ग्रामीण बैंक, भिलाई पहाड़ी शाखा से 13 पुरुष एवं महिला पथ विक्रेताओं का आवेदन स्वीकृत कर उन्हें 10 हजार राशि का लोन प्रदान किया गया. बैंक के सीनियर ब्रांच मैनेजर संदीप कुमार ने 13 लाभुकों का लोन स्वीकृत करते हुए कहा कि उनके पोर्टल में जितने भी आवेदन लंबित हैं. सभी का निष्पादन जल्द कर दिया जायेगा. कार्यपालक पदाधिकारी दीपक सहाय ने योजना की प्राथमिकता को देखते हुए यथाशीघ्र योजना का लाभ पथ विक्रेताओं को देने की बात कहीं. इस अवसर पर सीओ मो नदीम, सीआरपी रोमानी आदि मौजूद थे.

## 13 विक्रेताओं को मिला लोन

**जमशेदपुर:** झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक, भिलाई पहाड़ी मानगो शाखा के द्वारा आज 13 पथ विक्रेताओं को पीएम स्वनिधि योजना का लाभ प्रदान किया गया. मानगो नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा पीएम निधि योजना के तहत पथ विक्रेताओं को योजना का लाभ दिलाने हेतु विभिन्न बैंकों में आवेदन भेजे भेजे गए हैं. इस क्रम में बैंक द्वारा ऋण शिविर का आयोजन कर 13 पुरुष एवं महिला पथ विक्रेताओं को 10000 रुपए का लोन स्वीकृत किया गया.

नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार

Toll free no.: 1800-120-2929 | Website : www.dmajharkhand.in | Follow us on : @JharkhandDMA